Student - Shashi Meshram
Date - 06/04/2022

115

भारत का नं. 1 संस्थान
**कौटिल्य एकेडमी**
सफलता का प्रवेश द्वार...

प्रश्न संख्या

मुख्य परीक्षा उत्तर पुस्तिका
(Mains Answer Sheet)

1 1 — 1½

राजभाषा आयोग का गठन 7 जून, 1955 को किया गया था। इसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 344 में किया गया है।

1 2 — 2

प्राणत्व के आधार पर व्यंजन दो प्रकार के होते हैं:-
(1) अल्पप्राण व्यंजन - जिनके उच्चारण में मुँह से कम हवा निकले। उदा० - क, ग, ङ, इत्यादि।
(2) महाप्राण व्यंजन - जिनके उच्चारण से मुँह से अधिक हवा निकले। उदा० - ख, घ इत्यादि।

1 3 — 2

राजभाषा अधिनियम 1963 के प्रावधान निम्नप्रकार हैं:- (1) केन्द्र सरकार के विज्ञापन, विज्ञप्ति, प्रतिवेदन आदि हिन्दी भाषा में रहेंगे।
(2) क्षेत्र 'क' और 'ख' के बीच संवाद की भाषा हिन्दी रहेगी।
(3) क्षेत्र 'क' और 'ख' से क्षेत्र 'ग' का संवाद हिंदी और अंग्रेजी में रहेगा।

1 4 — 2

पश्चिमी हिन्दी की तीन बोलियाँ निम्नलिखित हैं:-
(1) खड़ी बोली या कौरवी - यह मेरठ, दिल्ली, इटावा आदि में बोली जाती है। यह शौरसेनी अपभ्रंश से उत्पन्न हुई है।
(2) ब्रज - यह मथुरा, लखनऊ, इलाहाबाद आदि क्षेत्र में बोली जाती है। (शौरसेनी अपभ्रंश)
(3) बुंदेली - यह शौरसेनी अपभ्रंश से उत्पन्न हुई भाषा है। यह कानपुर, झाँसी, आगरा, ग्वालियर आदि क्षेत्र में बोली जाती है।